**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 10. थप्प रोटी थप्प दाल**

**कोई और शीर्षक**

**प्रश्न- नाटक का नाम थप्प रोटी थप्प दाल क्यों है?**

**तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे?**

**उत्तर-** नाटक का नाम 'थप्प रोटी थप्प दाल' इसलिए है क्योंकि इस नाटक में सारे बच्चे मिलकर रोटी और दाल पकाने का खेल खेलते हैं|

शीर्षक- (क) बिल्ली खा गई रोटी-भात (ख) किसने रोटी-दाल चुराई?

**आवाज वाले शब्द**

**थप्प रोटी थप्प दाल**

**'थप्प' शब्द से लगता है किसी तरह की आवाज़ है| आवाज़ का मजा देने वाले और भी बहुत से शब्द हैं जेसें टप, खट|**

**ऐसे ही कुछ शब्द तुम भी लिखो|**

**उत्तर-** खर्र, घर्र, फुर्र, चट, धम, छान, टन, सूँ आदि|

**कौन-कौन से खेल**

**प्रश्न- इस नाटक में बच्चे रोटी बनाने का खेल खेलते हैं तुम अपने साथियों के साथ कौन-कौन से खेल खेलती हो, उनके नाम लिखो|**

**उत्तर-** अक्कड़-बक्कड़ , आँख-मिचौली , खो-खो , रस्सी कूद आदि|

**सोचकर बताओ**

**प्रश्न- (क) नीना चुन्नू और टिंकू से ही दाल क्यों बनवाना चाहती होगी?**

**उत्तर-** चुन्नू और टिंकू को आग जलाना तक नहीं आता था| वे अच्छी तरह दाल बनाना भी नहीं जानते थे| नीना चाहती होगी कि जब वह दोनों आग जलाने और दाल बनाने में परेशान होंगे तब वे सब उन दोनों पर हँसेंगे और मजा लेगी|

**(ख) बच्चों ने खाने-पीने की चीजें छींके में क्यों रखी?**

**उत्तर-** बच्चों ने खाने पीने की चीजें इसलिए छींके में रखी होगी ताकि कोई उन्हें चुरा न सके|

**(ग) चन्नू ने दाल को पहले खट्टा फिर मीठा क्यों बताया?**

**उत्तर-** चुन्नू ने मुन्नी आदि लड़कियों को चिढाने के लिए दाल को खट्टा बताया| परंतु जब मुन्नी गुस्से से उनकी ओर देखने लगी तब डरकर उसने मीठा बता दिया|

**तुम्हारी बात**

**प्रश्न- तुम्हारे घर में खाना कौन बनाता है? तुम खाना बनाने में क्या-क्या मदद करते हो? नीचे दी गई तालिका में लिखो|**

| **खाना कौन बनत| है**<br>मम्मी | **मैं क्या मदद कर सकता हूँ**<br>मैं उन्हें छोटी-छोटी चीजें लाकर दे सकता हूँ| सब्जी धोने-काटने में उनकी मदद कर सकता हूँ| | **मैं क्या मदद करता हूँ**<br>मैं उनके माँगने पर चीज़े लाकर देता हूँ| मैं कभी-कभी सब्जू ढो देता हूँ और काट देता हूँ| |
|---|---|---|

<u>तुम क्या बनातीं</u>

**प्रश्न- इन बच्चों की जगह तुम होती तो खाने के लिए कौन-से तीन पकवान बनातीं? उन्हें बनाने के लिए किन चीज़ों की जरूरत पड़ती? पता करो और सूची बनाओ|**

उत्तर-

| **पकवान का नाम** | **किन चीजों की जरूरत होगी** |
|---|---|
| पुड़ी<br>हलवा<br>सब्जी | आटा, घी, पानी|<br>सूजी, घी, चीनी, काजू, बादाम, किशमिश, पानी आदि|<br>आलू, मात्र, टमाटर, सरसों का तेल, मसालें, नमक, प्याज, लहसुन, पानी आदि| |

<u>मट्ठा बनाएँ</u>

**प्रश्न- (क) सरला ने कहा- मैं दही का मट्ठा चला दूँगी|**

**दही का मट्ठा चलाने का मतलब है-**

**दही बिलोना**

**दही से लस्सी या छाछ बनाना**

**सरला को इस काम के लिए किन-किन चीजों की जरूरत होगी, उनके नाम लिखो|**

**उत्तर-** दही, हांडी, रई, पानी|

**(ख) बिलोना, घोलना, फेंटना**

**इन तीनों कामों में क्या फर्क है? बातचीत करो और पता लगाओ|**

**उत्तर- बिलोना** - जब किसी चीज को रई आदि से मथते है तो उसे बिलोना कहते हैं| जैसे- दही बिलोना|

**घोलना** - जब किसी तरल पदार्थ में कोई घुलने वाली चीज़ पूरी तरह मिला देते हैं तो उसे घोलना कहते हैं| जैसे- दूध में शक्कर घोलना|

**फेंटना** - जब किसी चीज़ को हाथ की उँगलियों से पूरी तरह मिला देते हैं तो उसे फेंटना कहते हैं| जैसे- पानी मिलाकर बेसन फेंटना|

**(ग) किन्ही दो-दो चीजों के नाम बताओ जिन्हें बिलोते, घोलते और फेंटते हैं|**

उत्तर-

| | | |
|---|---|---|
| बिलोते हैं<br>घोलते हैं<br>फेंटते हैं | दही<br>दूध में शक्कर<br>दवा में शहद | पकी हुई दाल<br>पानी में नमक<br>पानी के साथ बेसन |

**(ग) सरला ने रई से मट्ठा बिलोया|**

**रई को मथनी भी कहते हैं| रसोई के दूसरे बर्तनों को तुम्हारे घर की भाषा में क्या कहते हैं? कक्षा में इस पर बातचीत करो और एक सूची बनाओ|**

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तवा<br>चकला<br>भगोना<br>चिमटा | कड़ाही<br>बेलन<br>कटोरी<br>चाकू | कलछी<br>छलनी<br>चमचा<br>परात | कद्दूकस<br>पतीला<br>चम्मच<br>कूकर |

**आओ तुकबंदी करें**

**प्रश्न- नाटक में बच्चों ने अपनी बात को कई बार कविता की तरह कहा है जैसे-**

**टिंकू ने पकाई बड़ियाँ**
**चुन्नू ने पकाई दाल**
**टिंकू की बड़ियाँ जल गई**
**चुन्नू का बुरा हाल**

**अब तुम नीचे लिखी पंक्तियों में कुछ जोड़ो-**

**उत्तर-** घंटी बोली टन-टन-टन
**चलो, चलें, घर को फ़ौरन|**
कहाँ चले कहाँ चले
**मम्मी पापा जहाँ चले|**
रेल चली भई रेल चली
**छुक-छुक करती रेल चली|**
कल की छुट्टी परसों इतवार
**चलो घूमनें चलें सब यार|**
रोटी दाल पकाएँगे|
**खूब मजे से खाएँगे|**